
www.amritvichar.com

# अमृत विचार

## लखनऊ महानगर

लखनऊ, बुधवार,6 मई 2026

सुविचार



यदि कोई व्यक्ति अपने धन को ज्ञान अर्जित करने में खर्च करता है, तो उससे उस ज्ञान को कोई नहीं छीन सकता। ज्ञान के लिए किये गए निवेश में हमेशा अच्छा प्रतिफल प्राप्त होता है।
-बेंजामिन फ्रेंकलिन

लखनऊ के प्रमुख समाचार

- 15 दिन पहले जेल से छूटे हिस्ट्रीशीटर की हत्या II
- केसरी के लाल को चढ़ाए लड्डू और उतारी आरती III
- विराट कोहली पर होंगी दर्शकों की निगाहें IV

## शहर में आज



- कैसरबाग स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्व-गणना को प्रोत्साहित करने संबंधित बैठक- 12:00 बजे से।
- यूपी प्रेस क्लब में उत्तर प्रदेश साहित्य सभा की ओर से दयानंद पांडेय और महेंद्र भीष्म की नारी मनोविज्ञानपरक कहानियों पर विश्लेषणात्मक सुरभि सिंह की पुस्तक का विमोचन- 3:30 बजे।
- गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में आईटीएफ जूनियर जे-30 लखनऊ टेनिस टूर्नामेंट के मैच- 4:00 बजे से।
- जापलिंग रोड स्थित कोकोरो आर्ट गैलरी में छापा कला की प्रदर्शनी का उद्घाटन- 5:30 बजे।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# डॉक्टर ने रखा निजी कर्मचारी, जबरिया बाहर से मंगवाए लेंस-दवाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**केजीएमयू नेत्र विभाग**

- तीन मरीजों ने मुख्यमंत्री पोर्टल उपमुख्यमंत्री से की थी शिकायत
- संस्थान प्रशासन ने चार सदस्यीय समिति गठित कर कराई जांच
- समिति ने डॉक्टर के करीब 30 पुराने मरीजों का खंगाला ब्योरा
- जांच में 17 मरीजों ने की बाहर से दवाएं व लेंस लिखने की पुष्टि

**अमृत विचार:** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) के नेत्र रोग विभाग में डॉक्टर ने ओपीडी में अपने निजी कर्मचारी रख लिए और इन कर्मचारियों से मरीजों को बाहर की दवाएं और लेंस लिखवाए। मरीजों पर चिह्नित मेडिकल स्टोर्स से दवाएं खरीदने का दबाव भी डाला गया। तीन मरीजों की शिकायत पर जांच शुरू हुई तो गड़बड़ी ही गड़बड़ी सामने आई। 17 मरीजों ने बाहर से दवाएं और लेंस जबरिया मंगाने की पुष्टि जांच समिति के समक्ष की है। मरीजों ने चौक स्थित एक मेडिकल स्टोर का नाम भी बताया है

गोरखपुर निवासी एक मरीज की शिकायत पर गड़बड़ी सामने आई। इस मरीज को करीब 18 हजार रुपये की दवाएं और लेंस बाहर से लिखे गए। गोरखपुर के मरीज के अलावा दो अन्य मरीजों ने मुख्यमंत्री पोर्टल और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिकायत की। इसके आधार पर किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) प्रशासन ने चार सदस्यीय जांच समिति गठित की। जांच टीम ने गोरखपुर जाकर मरीज और उसके परिजनों के बयान दर्ज करने के साथ साक्ष्य जुटाए। जांच टीम ने आरोपी डॉक्टर के करीब 30 पुराने मरीजों का ब्योरा भी खंगाला। इसमें फोन पर बातचीत में 17 मरीजों ने जांच समिति को बताया कि, उन्हें भी बाहर से दवाएं और लेंस खरीदने के लिए लिखा गया था। मरीजों ने ये भी बताया कि डॉक्टर की ओर से रखा गया कर्मचारी ही पर्ची पर 15 से 20 प्रकार की दवाएं और लेंस लिखता था। इसके अलावा वह एक तय मेडिकल स्टोर का पता देता था। वह पहले से ही मेडिकल स्टोर को फोन कर दवाएं तैयार रखने को कहता था। जांच में अनियमितताओं की पुष्टि के बाद आरोपी डॉक्टर के सहायक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। फिलहाल फरार बताया जा रहा है। प्रशासन आगे की कार्रवाई में जुटा है।

## खरीद प्रक्रिया में भी अनियमितता की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कुलपति डॉ. नित्यानंद ने वित्त अधिकारी को लिखा पत्र
- कई फाइलों में जेम दरों, प्रस्तावित खरीद मूल्य में बड़ा अंतर मिला

**अमृत विचार:** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में खरीद प्रक्रिया को लेकर गंभीर अनियमितताओं की आशंका जताई गई है। जेम पोर्टल पर सस्ती दरों में उपलब्ध वस्तुओं के बावजूद फाइलों में अधिक कीमत दर्शाने की जानकारी सामने आने पर कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने वित्त अधिकारी को पत्र लिखा है।

पत्र में स्पष्ट किया गया है कि जेम पोर्टल पर उपलब्ध कम कीमतों को नजरअंदाज कर फाइलों में महंगी दरें दर्ज की गई हैं, जो गंभीर अनियमितता का संकेत है। जांच के दौरान कई ऐसी फाइलें चिन्हित हुई हैं, जिनमें जेम दरों और प्रस्तावित खरीद मूल्य में बड़ा अंतर पाया गया। इससे यह आशंका और गहरा गई है कि खरीद प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कुलपति ने सभी संदिग्ध फाइलों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी अनिवार्य किया गया है कि भविष्य में किसी भी खरीद से पहले जेम पोर्टल की दरों का मिलान किया जाए। आदेश में कहा गया है कि केवल वही वस्तुएं खरीदी जाएं जो जेम पर न्यूनतम दर पर उपलब्ध हों और फाइलों में भी सबसे कम कीमत का ही उल्लेख किया जाए। इसके अलावा खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की प्रक्रिया भी शुरू होने की संभावना है, जिससे भविष्य में ऐसी अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके। करीब 4000 बेड वाले केजीएमयू में प्रतिदिन 7 से 8 हजार मरीज ओपीडी में आते हैं और 15 हजार से अधिक डॉक्टर व कर्मचारी कार्यरत हैं। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए सरकार ने लगभग 1800 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। हर वर्ष संस्थान में बड़े पैमाने पर खरीद और निर्माण कार्य होते हैं। ऐसे में खरीद प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी बड़े वित्तीय नुकसान का कारण बन सकती है।

## अनंत नगर में 498 भूखंडों के पंजीयन 27 तक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने मोहान रोड स्थित अनंत नगर योजना के तीन सेक्टरों में 498 भूखंडों का पंजीयन खोला है। आवेदन एलडीए की वेबसाइट पर ऑनलाइन शुरू हो गए हैं। भूखंडों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

आलोक खंड में 493, आदर्श खंड में चार और आकाश खंड में एक भूखंड का पंजीकरण खोला गया है। पोर्टल लाइव होने के साथ पंजीयन भी होने लगे हैं। पंजीयन के दौरान भूखंड के अनुमानित मूल्य की पांच प्रतिशत पंजीकरण धनराशि जमा कराके रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसमें 288 वर्गमीटर के 155, 200 वर्गमीटर के 178 और 162 वर्गमीटर के 165 भूखंड शामिल हैं।

## सिटी ब्रीफ

### ग्रीन कॉरिडोर के इंट्री प्वाइंट पर लगाया तेजस का मॉडल



चौराहे पर लगा तेजस का मॉडल।

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने समतामूलक के पास नव निर्मित ग्रीन कॉरिडोर के इंट्री प्वाइंट पर बनी रोटरी में मंगलवार को तेजस का शानदार मॉडल रख दिया। जल्द फाउंडेशन और सौंदर्यीकरण कार्य कराकर स्थल को ''तेजस चौराहा'' नाम देकर उद्घाटन किया जाएगा। स्वदेशी लड़ाकू विमान का मॉडल न सिर्फ शहर को नई पहचान देगा, बल्कि सैन्य शक्ति का प्रतीक बनकर लोगों को प्रेरित करेगा। तेजस का मॉडल एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बेंगलुरु से मंगाया है। इसकी लंबाई 15 फिट और पंखों की चौड़ाई 9.5 फिट है। वजन लगभग 200 किलोग्राम है। तेजस मॉडल को ढककर रखा है। जो करीब 15 दिन बाद उद्घाटन के दौरान खोला जाएगा।

### कई इलाकों में होगा मरम्मत कार्य, आज गुल रहेगी बिजली

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के कई इलाकों में ट्रांसफार्मरों की रिपेयरिंग, फीडरों की मरम्मत सहित मरम्मत के कार्य किए जाएगे। इसके चलते करीब 50 हजार उपभोक्ताओं को घंटों बिजली संकट का सामना करना पड़ेगा। कपूरथला उपकेंद्र से पोषित कई क्षेत्रों में अनुरक्षण कार्य किए जाने के कारण सुबह 11 से शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इससे एलडीए मार्केट, सेक्टर-बी अलीगंज, एकता पार्क, चंद्रलोक सहित कई इलाके की सप्लाई ठप रहेगी। इसके साथ ही अहिबरनपुर उपकेंद्र के अंतर्गत पुलिस चौकी फीडर से सुबह 11 से शाम चार बजे तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

### कैडेट्स ने उत्पीड़न के खिलाफ लड़ना सीखा

**अमृत विचार, लखनऊ :** 11 गोरखा राइफल्स रेजिमेंटल सेंटर के पुनीत दत्त आडिटोरियम में मंगलवार को गैर सरकारी संस्था रेड ब्रिगेड द्वारा महिला उत्पीड़न/छेड़छाड़ के खिलाफ दृढ़ विश्वास के साथ खड़े होने का साहस विषय पर गोष्ठी की गई। कार्यक्रम में एनसीसी लखनऊ ग्रुप के कैडेटों को प्रशिक्षित किया गया। मुख्य अतिथि मेजर जनरल गौरव गौतम, विशिष्ट सेवा मेडल, एडिशनल डायरेक्टर जनरल, एनसीसी निदेशालय उप्र रहे। एनसीसी के 500 कैडेटों को उत्पीड़न, छेड़छाड़ के खिलाफ लड़ने के अधिकार बताए गए। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी रेणुका टंडन, अध्यक्ष रेड ब्रिगेड ऊषा विश्वकर्मा, कमांडिंग ऑफिसर 19 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी कर्नल दिनेश कुमार पाठक आदि उपस्थित रहे।

# स्वत: पोस्टपेड होगा मीटर, आवेदन की जरूरत, न ही देना पड़ेगा शुल्क

## प्रीपेड मीटर वाले लखनऊ के लगभग दो लाख उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**01** 10 तारीख के बीच मोबाइल पर आएगी मीटर की रीडिंग

**10** तारीख तक मोबाइल पर ही भेजा जाएगा बिल

**15** दिन में बिल न जमा करने पर ऑनलाइन कटेगी बिजली



**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त कर दी है, ये मीटर स्वतःही पोस्टपेड में बदल जाएंगे। इसके लिए उपभोक्ताओं को न ही कहीं आवेदन करना होगा और न ही किसी तरह का शुल्क ही देना पड़ेगा। सरकार के इस निर्णय से ज्यादातर उपभोक्ता तो खुश हैं, लेकिन जानकार उपभोक्ता ये सवाल उठा रहे हैं कि मीटर में अधिक खपत दिखाने की समस्या का क्या होगा। जिनके मीटर में खपत से अधिक धनराशि कट रही थी, उनकी सब मीटर लगाकर जांच भी कराई जानी चाहिए।

लखनऊ में दो लाख से अधिक उपभोक्ताओं के भवनों में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगे हैं। प्रीपेड मीटर में रिचार्ज कराने के बावजूद बिजली गुल होने और अधिक बिजली खर्च दिखाने की लगातार शिकायतें आ रही थी। परेशान उपभोक्ताओं ने उपकेंद्रों से लेकर जनप्रतिनिधियों के कार्यालयों तक का घेराव कर प्रदर्शन किया। कई राजनीतिक दलों ने भी विरोध प्रदर्शन किया। मामला कोर्ट तक भी पहुंच चुका है। बढ़ते विरोध को देखते हुए ऊर्जा मंत्री ने प्रीपेड मीटर की अनिवार्यता समाप्त कर करने की घोषणा कर दी।

स्वतः पोस्टपेड मोड में बदल जाएंगे। इसके लिए उपभोक्ताओं को न तो कोई आवेदन करना होगा और न ही कोई अतिरिक्त शुल्क देना पड़ेगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार सभी स्मार्ट मीटर सॉफ्टवेयर से जुड़े हैं, जिन्हें एक क्लिक के जरिए पोस्टपेड मोड में बदल दिया जाएगा। इसके साथ ही अब हर महीने की 1 से 10 तारीख के बीच उपभोक्ताओं को उनके मोबाइल पर बिजली खपत की रीडिंग के साथ बिल का मैसेज मिलेगा। मई महीने का बिल 1 जून से 10 जून के बीच भेजा जाएगा, जिसे 15 दिनों के भीतर जमा करना होगा। मध्यांचल की एमडी ने रिया केजरीवाल ने कहा कि व्यवस्था पोस्ट पेड हो जाएगी, लेकिन बिल न जाम करने वाले उपभोक्ताओं की बिजली ऑनलाइन ही बंद कर दी जाएगी। कर्मचारी को कनेक्शन काटने नहीं भेजना पड़ेगा। भुगतान करने पर ऑनलाइन आपूर्ति शुरू भी कर दी जाएगी। बिल या मीटर से संबंधित समस्या होने पर उपभोक्ता मध्यांचल की हेल्पलाइन 1912 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण कराया जाएगा। फर्जी निस्तारण करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी होगी। मुख्य अभियंता जानकीपुरम जोन ने बताया कि बकाया बिल जमा करने के लिए मई और जून में विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जहां उपभोक्ता किस्तों में भुगतान भी कर सकेंगे। कैंप का शेड्यूल जल्द जारी किया जाएगा।

### 7 हजार नए कनेक्शन भी होंगे जारी

- लखनऊ के विभिन्न जोनों में लगभग 7 हजार बिजली कनेक्शन के आवेदन लंबित हैं। अधिकारियों को इनकी सत्यापन रिपोर्ट जल्द देने के निर्देश दिए गए हैं। अब इन सभी नए कनेक्शनों में केवल पोस्टपेड मीटर ही लगाए जाएंगे। इसके साथ ही जिन उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटर में बैलेंस बचा हुआ है, वह पोस्टपेड मोड में बदलने के बाद उनके नए मीटर में समायोजित कर दिया जाएगा।

### मीटर तेज चलने की समस्या को लेकर उपभोक्ता चिंतित



- उपभोक्ता शुभम खान ने कहा कि अधिकारियों का प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड बनाने का दावा करना सिर्फ दिखावा लगता है। असली समस्या तो मीटर के तेज चलने की है, जिससे हमें ज्यादा बिल भरना पड़ रहा है। जब तक हर मीटर की सही तकनीकी जांच नहीं होती और चेक मीटर नहीं लगाए जाते, तब तक यह फैसला हमारे लिए किसी लॉलीपॉप से कम नहीं है।



- उपभोक्ता विकास तिवारी ने कहा कि, स्मार्ट मीटर प्रीपेड मीटर को पोस्टपोड में बदलने से उपभोक्ता के हाथ कुछ नहीं लगेगा। मीटर के तेज चलने से बन रहे भारी भरकम बिल के समाधान के लिए विभाग की ओर से कुछ नहीं किया गया। मीटरों की हो रही तकनीकी जांच में भी कई खामियां सामने आई है, बावजूद इसके इन मीटरों को लगाने में कोई रोक नहीं लगाई गई है।



- उपभोक्ता अमित पाण्डेय ने कहा कि स्मार्ट मीटर की सटीकता पर सवाल उठ रहे हैं, तो इसका मतलब है कि इंस्टॉलेशन या कैलिब्रेशन में कहीं कमी रह गई है। सरकार का प्रीपेड से पोस्टपेड का कदम अच्छा हो सकता है, लेकिन असली समाधान मीटर की विश्वसनीयता सुनिश्चित करना और स्वतंत्र तकनीकी ऑडिट कराना है।



- उपभोक्ता डाल्टन ने कहा कि, यह मुद्दा सिर्फ तकनीकी नहीं बल्कि जनहित से जुड़ा है। जब बड़ी संख्या में लोग मीटर के तेज चलने की शिकायत कर रहे हैं, तो विभाग को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए। हर स्मार्ट मीटर के साथ चेक मीटर को लगाने का कदम अच्छा होगा, जिससे पारदर्शिता बढ़ेगी और उपभोक्ताओं का भरोसा भी मजबूत होगा। प्रीपेड मीटर में खपत से अधिक बिल आने की शिकायतें ज्यादा हैं। अगर तेज चलने वाले मीटरों की जांच नहीं कराई गई तो उपभोक्ताओं की परेशानी कम नहीं होगी।



शहर में तीन दिन से हो रही बारिश से तापमान में काफी गिरावट आ गई है। इससे लोगों को ही नहीं पशु-पक्षियों को भी गर्मी से राहत मिली। बादल छाने और हवा चलने से सुहाने मौसम में मोर भी अठखेलियां करते दिख रहे हैं। -प्रमोद शर्मा

# जेठ में सुबह क्वांर जैसी गुलाबी ठंड

## 5 वर्ष बाद 5 मई को 28 डिग्री दर्ज किया गया अधिकतम तापमान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- मंगलवार को भी सुबह हवा चलने के साथ बारिश हुई
- बुधवार को भी बादल छाए रहने और बूंदाबांदी होने की संभावना

**अमृत विचार :** पिछले दो दिनों से हो रही बारिश और हवा चलने के कारण शहर का तापमान काफी गिर गया है। इससे जेठ महीने में सुबह क्वार महीने जैसी गुलाबी ठंड का एहसास हुआ। पांच वर्ष बाद 5 मई को सबसे ठंडा दिन रहा। मंगलवार को अधिकतम तापमान लुढ़ककर 28 डिग्री पहुंच गया। वर्ष 2021 में 5 मई को अधिकतम 28 डिग्री डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। तापमान में गिरावट से सुबह और शाम ज्यादा देर कूलर और एसी चलाने पर गुलाबी ठंड का एहसास हुआ। बुधवार को भी बारिश व हवा चलने से तापमान में और गिरावट होने की संभावना है।

रविवार से शहर में बूंदाबांदी और बारिश का सिलसिला चल रहा है। मंगलवार को भी सुबह हवा चलने के साथ बारिश हुई। इससे अधिकतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस और लुढ़क कर 28 डिग्री पहुंच गया। ये सामान्य से 11.4 डिग्री कम रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान भी करीब 4 डिग्री सेल्सियस गिरकर 20 डिग्री पर पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी सामान्य से 3.4 डिग्री कम रहा। पिछले एक सप्ताह में अधिकतम तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस से अधिक की गिरावट हुई है। इससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली है। सुहावने हुए मौसम का आनंद लेने के लिए लोग मंगलवार को घरों से बाहर निकल पड़े। जनेश्वर मिश्र पार्क, चिड़ियाघर, गोमती रिवर फ्रंट, रेजीडेंसी, इमामबाड़ा सहित अन्य पार्कों में लोगों की भीड़ रही। 1090 चौराहे के पास चटोरी गली में घूमने आए लोगों ने लजीज व्यंजनों का स्वाद चखा। मौसम वैज्ञानिक मो. दानिश ने बताया कि बुधवार को भी कहीं-कहीं बादल छाए रहेंगे। गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से ठंडी हवा चलेगी। इससे तापमान में और गिरावट होने की संभावना है।

### दिल्ली से चार विमान लखनऊ डायवर्ट

- **अमृत विचार, सरोजनीनगर :** दिल्ली में मौसम खराब होने के कारण चार विमानों को मंगलवार को लखनऊ एयरपोर्ट पर डायवर्ट किया गया। सूत्रों के मुताबिक रांची से दिल्ली पहुंचा एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान आईएक्स 2379 को दोपहर करीब 2:10 बजे दिल्ली में लैंड नहीं कर सका। उसे लखनऊ भेज दिया गया। इसी तरह देहरादून से दोपहर 2:30 बजे दिल्ली पहुंचा एयर इंडिया का विमान एआई 2908 भी डायवर्ट किया गया। मुंबई से दिल्ली जा रहे इंडिगो के विमान 6ई 615 को रास्ते से ही भेज दिया गया। गुवाहाटी से 3:20 बजे दिल्ली पहुंचने वाला एयर इंडिया एक्सप्रेस का विमान आईएक्स 1513 भी लखनऊ में उतरा गया। दिल्ली में मौसम सामान्य होने पर सभी विमानों को लखनऊ से रवाना कर दिया गया।

**समस्या**

ब्लड बैंक के चिकित्सकों ने लोगों से की रक्तदान करने की अपील

# केजीएमयू में ए और एबी पॉजिटिव खून की कमी, मरीजों को दिक्कत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में ए और एबी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की कमी लगातार बनी हुई है। बढ़ती मांग के मुकाबले पर्याप्त स्टॉक न होने से जरूरतमंद मरीजों को समय पर खून उपलब्ध कराने में परेशानी आ रही है। ब्लड बैंक प्रशासन ने लोगों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने की अपील की है, खासतौर पर ए और एबी पॉजिटिव ग्रुप के लोगों से।

केजीएमयू ब्लड बैंक में सामान्यतः करीब 3000 यूनिट खून का स्टॉक होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में यह लगभग 2500 यूनिट ही है। प्रतिदिन 250 यूनिट से अधिक रक्त की खपत हो रही है। हीमोफीलिया और लावारिस मरीजों समेत गंभीर बीमारियों से पीड़ितों को बिना डोनर के भी खून उपलब्ध कराया जाता है, जिससे दबाव और बढ़ जाता है।

### ट्रॉमा सेंटर और क्वीनमेरी में सबसे अधिक खपत



- संस्थान के ट्रॉमा सेंटर और क्वीनमेरी अस्पताल में भर्ती मरीजों को सबसे ज्यादा रक्त की आवश्यकता होती है। बीते एक महीने से ए और एबी पॉजिटिव ग्रुप का संकट गहराया हुआ है। ए पॉजिटिव का स्टॉक जहां 300 यूनिट होना चाहिए, वहीं यह घटकर करीब 200 यूनिट रह गया है, जबकि रोजाना 150 यूनिट से अधिक की खपत हो रही है। वहीं एबी पॉजिटिव का स्टॉक 100-120 यूनिट के बजाय बमुश्किल 60 यूनिट रह जाता है, जो प्रतिदिन पूरी तरह खर्च हो जाता है। 10 से 20 प्रतिशत मरीजों को दो या उससे अधिक यूनिट खून देना पड़ता है, जबकि गंभीर हादसों में तीन से चार यूनिट तक रक्त की जरूरत होती है। ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की प्रमुख डॉ. तूलिका चन्द्रा के अनुसार लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, लेकिन मांग अधिक होने के कारण स्टॉक संतुलित करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक रक्तदान कर जरूरतमंदों की जान बचाने की अपील की है।

### अस्थमा के प्रति किया जागरूक

- अमृत विचार, लखनऊ : किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में मंगलवार को विश्व अस्थमा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने बताया कि उत्तर प्रदेश में करीब 80 लाख लोग अस्थमा से पीड़ित हैं। समय पर इलाज न मिलने पर 43 प्रतिशत की मौत हो जाती है। रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि दो-तिहाई मरीजों में यह बीमारी बचपन से ही शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि अस्थमा के मरीजों को रात में खांसी, सांस फूलना, छाती में जकड़न और घरघराहट जैसी समस्याएं अधिक होती हैं। ऐसे मरीजों को डॉक्टर की सलाह से इन्हेलर का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि यह दवा सीधे फेफड़ों तक पहुंचकर तेजी से असर करती है और इसके दुष्प्रभाव भी कम होते हैं। लोहिया संस्थान के रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. अजय वर्मा ने बताया कि अस्थमा एक अनुवांशिक बीमारी है, जो मौसम परिवर्तन के दौरान अधिक बढ़ जाती है। धूल, धुआं, नमी, संक्रमण, धूम्रपान, परागकण और मानसिक तनाव जैसे कारक सांस की नलिकाओं में सूजन पैदा करते हैं, जिससे सांस लेने में कठिनाई होती है। डॉ. अभिषेक टंडन ने कहा कि अस्थमा पूरी तरह नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है, बशर्ते मरीज नियमित इलाज और सावधानियों का पालन करे। उन्होंने प्राणायाम जैसे श्वास व्यायाम को फेफड़ों के लिए लाभकारी बताया और लक्षण बढ़ने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी। वहीं पल्मोनरी एंड क्रिटिकल केयर मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. वेद प्रकाश ने कहा कि दवाओं और इन्हेलर्स के साथ स्वच्छ हवा बेहद जरूरी है। प्रदूषित वातावरण इलाज को प्रभावित करता है। इसलिए अस्थमा नियंत्रण के लिए स्वच्छ वायु को प्राथमिकता देना जरूरी है।

## जीआरपी ड्रोन से करेगी रेल ट्रैक पर निगरानी

**अमृत विचार, लखनऊ:** रेल ट्रैक से छेड़छाड़, तोड़फोड़ और पत्थरबाजी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जीआरपी हाईटेक निगरानी प्रणाली विकसित कर रही है। इसके तहत जल्द छह नए ड्रोन खरीदे जाएंगे। सभी सेक्टरों में एक-एक ड्रोन तैनात कर संवेदनशील और जोखिम वाले इलाकों की नियमित निगरानी की योजना है। महाकुंभ-2025 से पहले खरीदे गए दो ड्रोन पहले से उपयोग में हैं। नए ड्रोन जुड़ने के बाद लखनऊ, मुरादाबाद, गोरखपुर, प्रयागराज, आगरा और झांसी सेक्टर में सुरक्षा और मजबूत होगी। इनकी मदद से दूरदराज के रेल ट्रैक, रेलवे यार्ड और दुर्गम क्षेत्रों पर नजर रखी जाएगी, जहां पारंपरिक गश्त कठिन है।

## सिटी ब्रीफ

### ईदगाह के पास से दो सट्टेबाज गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : मदेयगंज पुलिस ने दो सट्टेबाजों को मीठी खिचड़ी क्षेत्र के ईदगाह के पास से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी खाड़ी-बाड़ी (नंबर जोड़ने पर रुपये लगाना) करते हुए दबोचे गये। पुलिस ने मंगलवार देर शाम को आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया। एसओ मदेयगंज अंजनी कुमार सिंह के मुताबिक पुलिस को काफी दिनों से सूचना मिल रही थी कि मीठी खिचड़ी इलाके की गलियों में सट्टा खेला जाता है। पुलिस ने टीम लगाई। सट्टा लगाने वालों की रेकी कराई। इसके बाद मंगलवार को ईदगाह के पास से दो आरोपियों खदरा रुपपुर निवासी फिरोज अहमद उर्फ रीबू और शिवनगर के इरशाद को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से सट्टा पर्ची और नकद राशि बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे गुड्डू बाड़ी के लिए सट्टा ले रहे थे। जीतने वाले को रकम उपलब्ध कराते थे। उनका तीसरा साथी आदिल, जो कि गुड्डू बाड़ी का भाई बताया गया है। वह मौके से भागने में सफल रहा। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटाई जा रही है।

### ठेकेदार के मकान में लाखों की चोरी

अमृत विचार, लखनऊ : चौक स्थित लाजपतनगर निवासी ठेकेदार चरन जीत सिंह परिवार के साथ रहते हैं। पीड़ित ने बताया कि 4 मई की सुबह उनके कमरे में रखी अलमारी का लॉकर खुला था। लॉकर से करीब पांच लाख रुपये और बहू के जेवर गायब हैं। पीड़ित ने चोरी की सूचना डॉयल-112 पर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच के लिए फॉरेंसिक टीम को बुलाया। पुलिस पीड़ित के घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। पीड़ित ठेकेदार ने बताया कि उनके में तीन चालक, दो नौकर और एक सेविका काम करते हैं। चालक फैजान ने छह माह पहले लॉकर की चाभी बनवायी थी। दूसरे चालक राजा को अक्सर रुपये की जरूरत रहती है। तीसरा घर की सेविका का बेटा सुजीत कुमार है। वह करीब एक साल पहले काम छोड़कर चला गया था। पीड़ित ने उन तीनों चालक पर ही शक जाहिर की है। पुलिस पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### अधिवक्ता को कार से कुचलने का प्रयास

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर स्थित एल्डिको बसेरा अपार्टमेंट निवासी अधिवक्ता अभिषेक तिवारी के अनुसार 30 अप्रैल की रात करीब 11:55 बजे वह अपने चालक गोविंद के साथ चैंबर से घर लौटे थे। कार से उतरकर अपार्टमेंट के अंदर जाने लगे तभी सामने से आई बेकाबू सफेद फॉर्च्यूनर कार से पड़ोसी करन ने उन्हें कुचलने की कोशिश की। किसी तरह उन्होंने खुद को बचाया। घटना के बाद चालक ने विरोध किया तो आरोपी भड़क गया और गाली-गलौज करते हुए धमकाने लगा। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने खुद को रसूखदार बताते हुए अंजाम भुगतने की धमकी दी और कहा कि पुलिस भी उसका कुछ नहीं बिगाड़ पाएगी। तहरीर में यह भी उल्लेख किया गया है कि आरोपी ने खुद को पूर्व आईएएस का दामाद और महाराष्ट्र कैडर के आईएएस का रिश्तेदार बताया। इंस्पेक्टर महानगर अखिलेश कुमार मिश्र के अनुसार घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और मामले की जांच की जा रही है।

### बाइक की टक्कर से फल विक्रेता की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव के शालीमार अपार्टमेंट के पास झोपड़ पट्टी निवासी मिट्ठू पांडे (35) फल बेचने का काम करता था। मां चंपा ने बताया कि मंगलवार सुबह बेटा पानी लेने के लिए सड़क पार कर रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना देख राहगीरों की भीड़ लग गई। राहगीरों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंची। वहां डॉक्टर ने मिट्ठू को देखते ही मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार की हालत गंभीर देखते हुए भर्ती कर लिया। मिट्ठू की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र ने बताया कि परिजनों ने तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं, बाइक सवार की हालत गंभीर है। उसके परिजन को घटना की जानकारी दे दी गई है।

## ई-रिक्शे पर टप्पेबाज गिरोह ने महिला की उड़ाई चेन व लॉकेट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू से स्वास्थ्य भवन के बीच ई-रिक्शा सवार टप्पेबाज महिलाओं ने बाराबंकी से आई एक महिला की सोने की चेन और लॉकेट उड़ा दिया। जेवर की कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपये बतायी जा रही है। पीड़िता के पति ने चौक कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर नागेश उपाध्याय के अनुसार, घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

बाराबंकी के नवाबगंज निवासी बेबी नाज भांजी की शादी में शामिल होने बेटी शीबा के साथ लखनऊ आई थीं। कार्यक्रम के बाद वह ठाकुरगंज के दौलतगंज निवासी रिश्तेदार मोहसिन परवेज के घर ठहरी थीं। 25 अप्रैल को वापस जाने के लिए वह बेटी के साथ ई-रिक्शा से चौक पहुंचीं। वहां से कैसरबाग बस अड्डे जाने के लिए दूसरे ई-रिक्शे में बैठीं।

रास्ते में केजीएमयू गेट के पास छह महिलाएं और दो बच्चियां जबरन ई-रिक्शे में सवार हो गईं। इसी दौरान एक महिला ने उनके पैर पर सैंडिल रखकर ध्यान भटकाया और दूसरी ने गले से करीब 25 ग्राम की सोने की चेन व पांच ग्राम का लॉकेट काट लिया। कैसरबाग पहुंचने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। बाद में पति अब्दुल वहाब के साथ लखनऊ आकर अज्ञात महिलाओं व चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## महिलाओं से लूट करने वाले किन्नर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कार सवार किन्नर शादी वाले घर का पता पूछ करते थे लूट, जेवर व कार बरामद
- बिजनौर इलाके में सोमवार की सुबह दो घटनाओं को दिया अंजाम



पकड़े गए किन्नर गिरोह के सदस्य।

**अमृत विचार:** कार सवार किन्नरों का गिरोह राह चलती महिलाओं से शादी वाले घर का पता पूछती। इसके बाद महिलाओं से नेग में सौ-दो सौ रुपये की मांग करती। मौका मिलते ही उनके जेवर व नकदी लूट लेती थी। इस गिरोह का खुलासा बिजनौर पुलिस ने किया। पुलिस ने दो किन्नर और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है। उनके पास से लूटे गये जेवर व वारदात में प्रयुक्त कार बरामद कर लिया है। बिजनौर की दो महिलाओं के साथ सोमवार को घटना को अंजाम दिया था।

डीसीपी दक्षिणी अमित आनंद के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णानगर थाने के सामने अपोलो गेट नंबर-5 बरगवां निवासी अजय रावत उर्फ रानी किन्नर, कानपुर नगर की चकेरी स्थित एलाल बंगला निवासी आकाश गुप्ता उर्फ कमौलिक उर्फ कम्मो ओर सआदतगंज के रामनगर का रफीक अहमद शामिल है। आरोपियों ने सोमवार सुबह बिजनौर इलाके के आनंद विहार कालोनी निवासी विभा यादव व गढ़ी मोहल्ला निवासी ममता के साथ लूट की घटना का अंजाम दिया था। विभा के मुताबिक वह सुबह मार्निंग वॉक पर निकली थी। इसी बीच उनके पास एक कार आकर रूकी। कार से दो किन्नर नीचे उतरे। दोनों ने उनसे पूछा कि यहां किसके घर में शादी है। उन्होंने जानकारी होने से मना किया। इसके बाद विभा से नेग मांगने लगी। विभा ने मना किया तो उनके गले में पड़ा मंगलसूत्र और बाली लूट लिया। आरोपियों ने कुछ देर पहले ही गढ़ी मोहल्ले की ममता का मंगलसूत्र लूटा था।

### बधाई गाने के बाद नेग के लिए करते थे विवाद

एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा के मुताबिक पूछताछ में आरोपी किन्नरों ने बताया कि वह शादी वाले घरों का पता हासिल करती। इसके बाद दोपहर के वक्त पहुंचती थी। ताकि कोई पुरुष घर पर न मिले। वहां पहुंचकर बधाई गाती। इसके बाद नेग के नाम पर मोटी रकम मांगते। न देने वालों के परिवार से बदसलूकी करते। विरोध करने वाली महिलाओं के साथ अभद्रता व लूटपाट करती थी। आरोपियों के पास से मंगलसूत्र, दो जोड़ी बालियां व वारदात में प्रयुक्त कार बरामद किया है। पुलिस के अनुसार गिरोह का एक अन्य सदस्य अन्नू अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि यह गिरोह चारबाग और आलमबाग में भी सक्रिय रहा है। वहां भी इसी तरह की वारदातों को अंजाम देता रहा है। पुलिस अब इन इलाकों में हुई अन्य घटनाओं से भी आरोपियों के कनेक्शन खंगाल रही है।

## 15 दिन पहले जेल से छूटे हिस्ट्रीशीटर की हत्या

### सुशांत गोल्फ सिटी अवध विहार योजना सेक्टर-8 स्थित निजी स्कूल के पीछे मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सिर पर गोली मारकर दिया गया वारदात को अंजाम, दर्ज हैं छह से अधिक एफआईआर
- छह माह पूर्व भाई की भी हुई थी गोली मारकर हत्या, पड़ोसी से चल रहा विवाद

**अमृत विचार :** पीजीआई के हिस्ट्रीशीटर सचिन यादव उर्फ कालिया (30) की सिर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसके सिर पर भारी सामान से वार किया गया। आरोपियों ने शव को सुशांत गोल्फ सिटी इलाके के अवध विहार योजना सेक्टर-8 स्थित एक निजी स्कूल के पीछे फेंक दिया। सचिन हत्या के मामले में जेल में बंद था। 15 दिन पहले ही वह जेल से रिहा हुआ था। पड़ोसियों से उसकी पुरानी रंजिश चल रही है। छह माह पूर्व सचिन के छोटे भाई की भी गोली मारकर हत्या की गई थी। इस मामले में पड़ोस के नाबालिग समेत परिवार के कई लोग आरोपी पकड़े गए थे। पुलिस के मुताबिक सचिन पर हत्या के प्रयास समेत छह से अधिक एफआईआर दर्ज हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अवध विहार योजना सेक्टर-8 में एक निजी स्कूल के पीछे शव पड़े होने की सूचना मंगलवार दोपहर मिली। पुलिस पहुंची तो शव की शिनाख्त कराने की कोशिश शुरू हुई। कुछ देर बाद पता चला कि शव विजयनगर नीलमथा रेउतापुर निवासी सचिन यादव का है। मौके पर फोरेंसिक टीम बुलाई गई। साक्ष्य जुटाए गए हैं।

#### शव को ठिकाने लगाने के लिए फेंका

- पुलिस के मुताबिक बदमाशों ने सचिन की हत्या कहीं और की है। शव को ठिकाने लगाने के लिए देर रात या तड़के स्कूल के पीछे सुनसान स्थान पर फेंक दिया। पुलिस और फोरेंसिक टीम को मौके पर किसी तरह के संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। मौके पर सचिन का मोबाइल भी नहीं मिला है।

इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय के मुताबिक सचिन के दाहिनी ओर कनपटी के पास सिर पर चोट का निशान मिला। इसके बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर में गोली लगने की पुष्टि हुई है। इंस्पेक्टर ने बताया कि सचिन के खिलाफ पीजीआई समेत कई थानों में मारपीट, जानलेवा हमला, एससी-एसटी एक्ट समेत छह से अधिक मामले दर्ज हैं। वह पीजीआई थाने से हिस्ट्रीशीटर था। गुंडा एक्ट की भी कार्रवाई हुई थी। उसे जिलाबदर भी किया गया था। कुछ दिन पहले जेल गया था। 15 दिन पहले ही जेल से छूटा था। घटनास्थल को जाने वाले मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही है।

#### पांच दिन पूर्व चाचा ने दी थी जान से मारने की धमकी

- मृतक के भाई विवेक का आरोप है कि जमीन के विवाद को लेकर चाचा विजय ने पांच दिन पूर्व धमकी दी थी। उसने बताया कि रविवार की शाम सचिन पान मसाला लेने निकला था, जिसके बाद वापस नहीं लौटा। मंगलवार को पीजीआई में गुमशुदगी दर्ज कराने जा रहे थे, तभी रास्ते में फोन पर हत्या की सूचना मिली। भाई का आरोप है कि चाचा विजय ने उसे मारकर शव को सुशांत गोल्फ सिटी में फेंक दिया। हालांकि पुलिस के मुताबिक अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

#### छह महीने पहले भाई की भी हुई थी हत्या

- इंस्पेक्टर राजीव रंजन ने बताया कि सचिन का पड़ोसी विजय यादव और उसके परिवार से काफी दिनों से विवाद चल रहा है। छह माह पूर्व दिवाली के आसपास सचिन के छोटे भाई सोनू यादव की चाचा कपिल यादव, अजय, संजय व विजय ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। मामले में सचिन की ओर से विजय के परिजन और उसके नाबालिग भतीजे पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। वहीं विजय की ओर से सचिन और उसके पिता समेत अन्य पर हत्या के प्रयास की एफआईआर दर्ज हुई थी। सचिन इसी मामले में जेल गया था। 15 दिन पहले जमानत पर छूटा था। सचिन के पिता विनेश यादव अभी जेल में हैं। परिवार में मां राम दुलारी, भाई विवेक व चंदन हैं।



सचिन यादव (फाइल फोटो)

### होटल सुरजन इन में ठहरे मेघालय के युवक का शव मिला

अमृत विचार, लखनऊ : अयोध्या रोड स्थित होटल सुरजन इन में ठहरे मेघालय निवासी एक युवक का शव संदिग्ध हालात में कमरे में पड़ा मिला। युवक ने भाई को व्हाट्सएप मैसेज कर लिखा था कि वह जीना नहीं चाहता है। परिचितों और होटल स्टाफ के प्रयास के बाद भी दरवाजा नहीं खुला तो डायल-112 पर सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस युवक को अस्पताल ले गई, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। कमरे में दवा की शीशियां मिली हैं। आशंका है कि युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूल रूप से मेघालय के शिलॉन्ग निवासी दमन थापा ने बताया कि उनके भाई अंकुश थापा (25) दो मई को लखनऊ में एक निजी कंपनी में इंटरव्यू देने आए थे और विभूतिखंड स्थित होटल में ठहरे थे। सोमवार को उन्हें पुलिस से सूचना मिली कि अंकुश की मौत हो गई है। मंगलवार को वह लखनऊ पहुंचे। इंस्पेक्टर विभूतिखंड अमर सिंह ने बताया कि अंकुश अवसाद में था। उसने अपने भाई को मैसेज कर लिखा था कि वह जीना नहीं चाहता है और इसके बाद फोन बंद कर लिया। भाई ने परिचितों को होटल भेजा, जहां अंकुश अचेत अवस्था में बेड पर पड़ा मिला और पास में दवा की शीशियां थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस अंकुश को राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फोरेंसिक टीम ने कमरे की जांच कर साक्ष्य जुटाए और बरामद शीशियां कब्जे में लेकर जांच के लिए भेज दीं। पुलिस के अनुसार परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## कारोबारी को लूटने वाला 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चार अप्रैल को सैवी ग्रैंड होटल के पास स्कार्पियो सवार बदमाशों ने दिया घटना को अंजाम
- अब तक सात आरोपी जा चुके हैं जेल, अन्य की तलाश



लूट का आरोपी सलमान

**अमृत विचार :** विभूतिखंड स्थित सैवी ग्रैंड होटल के पास निजी कंपनी के कलेक्शन एजेंट निकुल सिंह जडेजा से स्कार्पियो सवार बदमाशों ने चार अप्रैल को 75 लाख रुपये लूट मामले में फरार चल रहे 50 हजार रुपये के इनामी बदमाश सलमान को पुलिस ने मंगलवार को हनीमैन चौराहे के पास रेलवे लाइन के किनारे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से 80 हजार रुपये नकदी बरामद की गई है।

गुजरात निवासी निकुल सिंह जडेजा रिवर व्यू आर्केड शॉपिंग मॉल स्थित मरकुलिक्स बिजनेस सॉल्यूशन कंपनी में कलेक्शन एजेंट हैं। उन्होंने चार अप्रैल को 25 लाख रुपये की लूट की रिपोर्ट विभूतिखंड थाने में दर्ज कराई थी। उन्होंने पुलिस को बताया था कि वह विभूतिखंड स्थित विश्वरूपा इंफ्राटेक कंपनी से रुपयों का कलेक्शन कर होटल सैवी ग्रैंड से निकले थे और स्कूटी से अपने ऑफिस जा रहे थे। होटल से बाहर निकलते ही स्कार्पियो सवार बदमाशों ने उनकी स्कूटी में टक्कर मारकर उन्हें गिरा दिया और मारपीट कर रुपयों से भरा बैग लूट लिया था। पुलिस तभी से मामले की छानबीन में जुटी थी।

एडीसीपी क्राइम किरन यादव के मुताबिक सैवी ग्रैंड होटल व आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई थी। 10 अप्रैल को कठौता झील के पास से पुलिस ने पांच लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया था और उनके पास से लूट के 45 लाख रुपये बरामद किए गए थे। पकड़े गए आरोपितों में सुशांत गोल्फ सिटी निवासी अतुल कुमार रावत, कैंट निवासी विशाल सिंह, इंदिरानगर निवासी राहुल यादव, आकाश यादव और विभूतिखंड निवासी अमित कुमार गुप्ता शामिल हैं। इंस्पेक्टर क्राइम ब्रांच शिवानंद मिश्रा के मुताबिक इस मामले में फरार चल रहे आरोपी विभूतिखंड के तखवा विराजखंड-5 निवासी सुमित गुप्ता को 25 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था, जिसके पास से 2 लाख 10 हजार रुपये बरामद हुए थे। वहीं मंगलवार को पुलिस ने हनीमैन चौराहे के आगे रेलवे लाइन की ओर जाने वाले रास्ते से चिनहट के कल्याणी विहार निवासी सलमान खान को गिरफ्तार कर लिया।

## हमले के विरोध पर बेटे के सामने मां को मारी गोली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वारदात के बाद हमलावर तीन कारों से भागे, मची दहशत
- चिनहट कोतवाली में युवती समेत छह नामजद और पांच अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज
- नामजद एक आरोपी कुछ घंटों में गिरफ्तार, अन्य की तलाश

**अमृत विचार:** चिनहट स्थित हंस विहार कालोनी में मंगलवार देर रात पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने तीन युवकों पर जानलेवा हमला कर दिया। विरोध करने पर हमलावरों ने फायरिंग कर दी, जिसमें युवक की मां के पैर में गोली लगी। हमले में घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद कॉलोनी में दहशत फैल गयी। वारदात के बाद आरोपी तीन कारों से भाग निकले। फायरिंग की सूचना मिलते ही चिनहट पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायल के बेटे की तहरीर पर युवती समेत छह नामजद और पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। पुलिस ने कुछ ही घंटों के अंदर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में दबिशें दे रही है।

इंस्पेक्टर दिनेश चंद्र मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी दिव्यांश सिंह बहराइच के बमभौरा जरवल रोड का रहने वाला है। यहां बीबीडी इलाके में रहता है। पीड़ित आदित्य सिंह ने बताया कि सोमवार देर रात 12:30 बजे उनकी कॉलोनी में रहने वाली एक युवती दिव्या सिंह ने उनके पड़ोसी अनमोल, अमर और दीपक को बहाने से बुलाया। इसी दौरान युवती के इशारे पर पहले से घात लगाए बैठे दिव्यांश सिंह, प्रियांश, युवराज, सैफ और सान यादव समेत चार-पांच अज्ञात लोगों ने तीनों युवकों पर हमला कर दिया।



गोली लगने से पैर में बना जख्म।

शोर सुनकर आदित्य सिंह और उनकी मां गायत्री सिंह मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव का प्रयास किया। आरोप है कि इसी दौरान हमलावरों में से एक ने जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। गोली गायत्री सिंह के पैर में लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजन ने उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना में इस्तेमाल की गई गाड़ियों के नंबर भी सामने आए हैं, जिनमें यूपी 72 बीएक्स 7226, यूपी 32 पीयू 9795 और यूपी 32 एनएफ 5404 शामिल है।

घटना की सूचना मिलते ही चिनहट पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दिव्यांश सिंह, प्रियांश, युवराज, सैफ, दिव्या सिंह और सान यादव और पांच अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की है।

## आम तोड़ने से रोकने पर किसान पुत्र पर जानलेवा हमला, फटा सिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती
- बीबीडी थाने में तीन भाइयों समेत नौ पर रिपोर्ट दर्ज




**अमृत विचार :** बीबीडी इलाके में आम तोड़ने से रोकने पर दबंगों ने किसान और उसके बेटों पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे किसान के बेटे पर डंडों और धारदार हथियार से वार किया गया, जिससे उसका सिर फट गया और वह बेहोश हो गया। घायल को गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने पिता की तहरीर पर नौ आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राम सिंह के अनुसार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

अनौरा कला निवासी 64 वर्षीय राम सरन यादव ने बताया कि तीन मई की शाम वह खेत पर गए थे। वहां उन्होंने देखा कि उनके पेड़ से परवेज आम तोड़ रहा है। विरोध करने पर परवेज ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह जान बचाकर भागने पर उसने अपने परिजनों को बुला लिया।

आरोप है कि परवेज, उसके भाई अखिलेश, संतोष, पिता रामकुमारे, अवधेश, आदर्श, शिवांश, रामकिशोर और सचिन डंडे व धारदार हथियार लेकर पहुंचे और हमला कर दिया। हाथापाई देख राम सरन के बेटे धर्मेंद्र और जितेंद्र बचाने आए तो आरोपियों ने उन्हें भी बेरहमी से पीटा। पिटाई में धर्मेंद्र का सिर फट गया और वह बेहोश हो गया। घटना के बाद हमलावर धमकाते हुए फरार हो गए।

परिजनों ने घायल को निजी अस्पताल में भर्ती कराया और बाद में थाने में शिकायत दी। पुलिस ने हत्या के प्रयास, मारपीट और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मुंशी पुलिया मेट्रो स्टेशन पर अचेत मिला व्यक्ति इलाज के दौरान हुई मौत

अमृत विचार, लखनऊ: शेखुपरा निवासी विवेक सिंह (33) बंथरा स्थित एक निजी खाद कंपनी में काम करते थे। वह रोजाना मेट्रो से कार्यालय आते-जाते थे। वापसी में मुंशी पुलिया मेट्रो स्टेशन पर उतर कर वहां से सवारी लेकर घर जाते थे। बहनोई पंकज सिंह ने बताया कि सोमवार रात उनके पास एक कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने बताया कि विवेक सिंह की तबीयत खराब है। लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। बहनोई व अन्य घरवाले अस्पताल पहुंचे, जहां उन्हें पता चला कि विवेक की मौत हो चुकी है। बहनोई के मुताबिक कि मेट्रो स्टेशन के गार्डों ने उन्हें बताया कि विवेक उन्हें अचेत अवस्था में मिले थे। उन लोगों ने एम्बुलेंस से अस्पताल भेज दिया था। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मां पाटेश्वरी देवी विवि** | शिकायत पर कंपनी मालिक ने अधिकारियों से की मारपीट

## भुगतान के बाद भी पूरा नहीं हुआ विवि का निर्माण कार्य

संवाददाता, गोसाईंगंज

- सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बलरामपुर जिले में निर्माणाधीन मां पाटेश्वरी देवी राज्य विश्वविद्यालय के एसी कार्य में भुगतान के बावजूद समय पर काम पूरा न होने का मामला सामने आया है। शिकायत करने पर कंपनी मालिक ने राजकीय निर्माण निगम के अधिकारियों के साथ मारपीट कर उन्हें धमकाया। परियोजना प्रबंधक ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर राजीव रंजन उपाध्याय के अनुसार मामले की जांच की जा रही है।

परियोजना प्रबंधक (विद्युत) सुनील कुमार यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य उप्र राजकीय निर्माण निगम द्वारा कराया जा रहा है और इसका उद्घाटन मई 2026 में प्रस्तावित है। एसी कार्य उप संविदाकार मेसर्स न्यू रिजेंट ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से मेसर्स क्रेस्ट एंड कोर प्राइवेट लिमिटेड, अर्जुनगंज को दिया गया था। आरोप है कि कंपनी के मालिक बैद्यनाथ झा ने निर्धारित कार्य पूरा किए बिना अधिक भुगतान ले लिया, जिससे परियोजना प्रभावित हो रही है।

शिकायत के बाद आरोप है कि बैद्यनाथ झा ने कार्यालय में अपर परियोजना प्रबंधक निशांत अग्रवाल और सहायक लेखाधिकारी अमित कुमार वर्मा के साथ हाथापाई की और जान से मारने की धमकी दी। परियोजना प्रबंधक ने उच्चाधिकारियों को भी मामले से अवगत कराया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा, मारपीट और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

#### जमीन के नाम पर महिला से लाखों ठगे, दी धमकी

- अमृत विचार, लखनऊ : बिजनौर थाने में एक महिला ने जमीन खरीद के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज होने के बावजूद उसे जमीन पर कब्जा नहीं मिला। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा के आदेश पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सरोजनीनगर निवासी वंदना सिंह के अनुसार उन्होंने 18 अगस्त 2022 को परवर पूर्वा स्थित भूमि प्रदीप सिंह और प्रशांत प्रताप सिंह से खरीदी थी। जमीन की रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज उनके नाम हो चुकी है, लेकिन मौके पर किसी अन्य व्यक्ति का कब्जा मिला। शिकायत के बावजूद स्थानीय स्तर पर कार्रवाई नहीं हुई और आईजीआरएस व उपजिलाधिकारी स्तर पर भी समाधान नहीं मिला। पीड़िता का कहना है कि आरोपी प्रशांत के बताए पते पर पहुंचने पर वह फर्जी निकला। बाद में असली पते पर मिलने पर आरोपी ने पुलिस के सामने ही धमकी दी और घर से बाहर नहीं निकला। लौटते समय उसके परिजनों ने पीछा भी किया। लगातार शिकायतों के बाद एसीपी स्तर पर जांच हुई, जिसमें आरोप सही पाए गए। इसके बाद बिजनौर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## महिला से स्टांप पर कराया साइन फिर तीन तलाक देकर भगाया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़िता ने अलीगंज थाने में पति समेत पांच पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** दहेज के लिए एक महिला को प्रताड़ित करने, मारपीट कर जबरन स्टांप पेपर पर हस्ताक्षर कराने व तीन तलाक देकर घर से निकालने का मामला सामने आया है।

मोहल्ला चौधरी टोला निवासी महिला ने बताया कि उसका निकाह वर्ष 2013 में नफीस अहमद के साथ हुआ था। निकाह में मायके पक्ष ने सात तोला सोने के जेवर, एक लाख रुपये का सामान और तीन लाख रुपये नकद दिए थे। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति उस पर संदेह करता था और उसे प्रताड़ित करता था। ससुर नसीम अहमद, बहनोई मलीन अहमद और ननद शाहीन व शहनाज भी उत्पीड़न में शामिल थे।

पीड़िता के अनुसार, बच्चों को पढ़ाने आने वाले हाफिज सनाउल्लाह को लेकर ससुराल पक्ष ने साजिश रची। पति ने उस पर दबाव बनाकर उसे बदनाम करने की कोशिश की और घर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए। विरोध करने पर आरोपियों ने उसे कमरे में बंद कर मारपीट की और धमकाकर स्टांप पेपर पर जबरन हस्ताक्षर करा लिए। इसके बाद उसके चाचा और भाई को बुलाकर दबाव में गवाह के रूप में साइन कराए गए। आरोपियों ने उसके तीनों नाबालिग बच्चों को अपने पास रख लिया और उसे तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। शिकायत करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी भी दी गई। पुलिस ने दहेज प्रताड़ना, मारपीट, धमकी और मुस्लिम महिला अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# केसरी के लाल को चढ़ाए लड्डू और उतारी आरती

## ज्येष्ठ के पहले बड़े मंगलवार को शहर के प्रमुख मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, हनुमान चालीसा और सुंदकांड का पाठ किया

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** ज्येष्ठ महीने के पहले बड़े मंगलवार को प्रमुख हनुमान मंदिरों में सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की लाइनें लगी रहीं। श्रीराम और बजरंगबली के जयकारों के साथ श्रद्धालुओं ने दर्शन और पूजन किया। मंदिरों में बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ भी किया।

हनुमान सेतु, हनुमंतधाम, लेटे हुए हनुमान मंदिर, सिद्धनाथ मंदिर, दक्षिणमुखी मंदिर और पंचमुखी हनुमान मंदिर में सबसे अधिक भीड़ रही। कई स्थानों पर सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भी किया गया। शहरभर में जगह-जगह भंडारे भी कराए गए। जिसमें पूड़ी-सब्जी, बूंदी, कढ़ी-चावल और शरबत समेत तरह-तरह की खाद्य व पेय पदार्थ वितरित किए गए। अलीगंज स्थित नए हनुमान मंदिर में -धनिया प्रसाद वितरित किया गया। मंदिर समिति के सचिव राजेश पांडेय ने बताया कि वर्षों से यही प्रसाद बांटा जा रहा है।

अलीगंज के पुराने हनुमान मंदिर में भी आधी रात से दर्शन शुरू हो गए थे। यहां लेटकर परिक्रमा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, जिससे उन्हें पहले दर्शन का अवसर मिल सके। वहीं, हनुमान सेतु मंदिर में भी सुबह होते-होते भीड़ अपने चरम पर पहुंच गई। व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई थी। आलमबाग के मौनी बाबा मंदिर में सुंदरकांड पाठ और भंडारा हुआ। तालकटोरा रोड स्थित बालाजी मंदिर में भगवान का सोने-चांदी के वर्क से विशेष श्रृंगार श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा लेटे हुए हनुमान जी मंदिर में पहले बड़े मंगल पर दर्शन सुबह 5 बजे मंगला आरती के बाद शुरू हो गए। हनुमान जी का सिंदूर लेपन के बाद भव्य श्रृंगार किया गया। मुख्य सेवादार डॉ. विवेक तांगड़ी ने हनुमान जी की महाआरती उतारी।





ज्येष्ठ माह के पहले मंगलवार को संकट मोचन मंदिर में हनुमान जी के दर्शन और पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

## भंडारे ही भंडारे



विजय पैराडाइज परिवार के भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### अतिथियों को भेंट की हनुमान जी की प्रतिमा

**अमृत विचार, लखनऊ:** सामाजिक संस्था विजय पैराडाइज परिवार की ओर से विकासनगर स्थित पीताम्बरा लॉन में भंडारा कराया। इसमें भाजपा नेता नीरज सिंह, नगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और लखनऊ पूर्व के विधायक ओपी श्रीवास्तव ने प्रसाद वितरित किया। इसके पहले हनुमान जी की पूजा-अर्चना और सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। विजय सिंह भदौरिया, भाजपा नेता अर्पित सिंह, भाजयुमो महानगर के मंत्री आशुतोष तिवारी ने भोग पूड़ी, सब्जी, मट्ठा, बूंदी, केला, सेब का वितरण किया। अर्पित सिंह और आशुतोष तिवारी ने नीरज सिंह, आनंद द्विवेदी, ब्रज बहादुर भारद्वाज, ओपी श्रीवास्तव, जीएन शुक्ला और गौरव सिंह चौहान को पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र, हनुमानजी और राम की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया।



सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा से लौटीं महिलाओं ने सपना गोयल के मार्गदर्शन में इंदिरा नगर लेखराज मेट्रो स्टेशन के पास स्थित शिवशक्ति शनिदेव मंदिर में भंडारा कराया।

### बिजलीघर में कराई काव्य गोष्ठी

**अमृत विचार, लखनऊ:** इंदिरा नगर सेक्टर-25 में बिजली विभाग की टीम ने भंडारा कराया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। काव्य पाठ भी हुआ। भंडारे में जेई और एसडीओ सहित अन्य अधिकारियों ने भागीदारी की। आयोजन में लक्ष्मी नारायण यादव जेई 33, राजीव रंजन रॉय एसडीओ रेड, गोमती नगर जोन, सुजीत चौधरी एसडीओ सेक्टर-25, आशुतोष माथुर जेई सेक्टर-25, नवीन चंद्र प्रकाश अधीक्षण अभियंता टेक्निकल, शोभित दीक्षित अधिशाषी अभियंता कलेक्शन, कर्मचारी शिवरतन, गिरिजा शंकर मिश्रा उर्फ गुड्डू, दीप चंद्र, दयाराम, राम लाल और विनोद यादव मौजूद रहे।



आवासीय जनकल्याण समिति सेक्टर 12 इंदिरानगर के भंडारे में प्रसाद बांटते पूर्व सांसद अशोक वाजपेयी व अन्य।

### चांदी के वर्क से किया हनुमान जी का श्रृंगार

**अमृत विचार, लखनऊ:** चौक कोतवाली स्थित कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में पहले बड़े मंगल के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने हनुमान जी की प्रतिमा को गंगा जल से स्नान कराकर तिल के तेल व चांदी के वर्क से नये वस्त्र धारण कर विशेष श्रृंगार कर भव्य पूजा-अर्चना के बाद भव्य आरती की, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। महंत विशाल गौड़ के मार्गदर्शन में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे की व्यवस्था की गई। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं। इस अवसर मंदिर ट्रस्ट के सदस्य और स्थानीय लोग आरती में शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया।



आवास विकास मुख्यालय के बाहर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ की ओर से कराए गए भंडारे का शुभारंभ करते लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जीएन शुक्ला (चच्चू)।

## यूपी प्रेस क्लब के भंडारे में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री, मंत्री और अधिकारी

**अमृत विचार, लखनऊ:** उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में प्रेस क्लब में यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने बड़े मंगलवार को भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री संजय प्रसाद, मुख्यमंत्री के सलाहकार अवनीश अवस्थी, भी शामिल हुए। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र सिंह और लखनऊ इकाई के अध्यक्ष शिवशरण सिंह, प्रदेश के महामंत्री देवराज सिंह, त्रिलोकी नाथ मिश्रा, शिव विजय सिंह, अनिल सैनी, नितिन श्रीवास्तव और विश्वदेव राव ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री के सूचना सलाहकार मृत्युंजय कुमार, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, रामचन्द्र सिंह प्रधान, विजय बहादुर पाठक, सपा नेता राजेन्द्र चौधरी, अरविंद सिंह गोप, अरविंद सिंह, डीएम विशाख जी, अपर निदेशक सूचना अरविंद कुमार मिश्र, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजय खत्री, इंडो अमेरिकन चैम्बर आफ कामर्स के मुकेश सिंह, प्रदीप सिंह बब्बू, पीसीएस संघ के पूर्व अध्यक्ष बाबा हरदेव सिंह, पूर्व विधायक शैलेंद्र सिंह शालू, सपा के प्रदेश सचिव दीपक रंजन, कांग्रेस नेता अशोक सिंह, कांग्रेस प्रवक्ता सचिन रावत, राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे, प्रवक्ता रोहित अग्रवाल, भाजपा प्रवक्ता अभय सिंह, नवीन श्रीवास्तव, राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह, पूर्व आईएएस अधिकारी एसपी सिंह, दिनेश सिंह ने भी प्रसाद ग्रहण किया।

## जीरो वेस्ट भंडारों के लिए किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** शहर को स्वच्छ रखने और पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नगर निगम ने बड़े मंगलवार को जीरो वेस्ट भंडारों के आयोजन के लिए आयोजकों को प्रेरित किया। आयोजकों से सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की अपील करने के साथ भंडारा स्थलों पर गीले और सूखे कचरे के लिए अलग डस्टबिन की व्यवस्था भी की। आयोजकों को पत्ते व कागज से बने दोना-पत्तल और कुल्हड़ के उपयोग के लिए प्रेरित किया। जलकल विभाग ने 79 स्थानों पर पानी के टैंकर लगाए।

बैनर, स्टैंडी और फ्लायर के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। स्वच्छता वालंटियर्स ने श्रद्धालुओं को जागरूक किया और स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नागरिकों से फीडबैक भी लिया। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सभी जोनल सेनेटरी ऑफिसर को निरीक्षण करके भंडारा स्थलों की सफाई के निर्देश दिए थे। उन्होंने नागरिकों और आयोजकों से भंडारा कराने के लिए नगर निगम में पंजीकरण कराने की अपील की है। नगर आयुक्त ने कहा कि अगले मंगलवार को आयोजित होने वाले भंडारों के लिए नगर निगम के टोल फ्री नंबर 1533 या 'लखनऊ वन' एप के माध्यम से निशुल्क पंजीकरण अवश्य कराएं।

### वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने बांटे 55 हजार पत्तल

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यावरण सुधार के लिए भंडारों को प्लास्टिक मुक्त रखने के उद्देश्य से वाटर वूमेन शिप्रा पाठक ने आयोजकों को 55 हजार हरे पत्तल भेंट किए। शिप्रा की इस अनोखी पहल की लोगों ने सराहना की। उन्होंने प्रेस क्लब, दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर, इंदिरानगर, गोमती नगर और हनुमान सेतु जैसे स्थानों पर आयोजित भंडारों में पत्तलों का वितरण किया। इस दौरान भक्तों ने उनसे पत्तल प्राप्त कर भंडारों से प्रसाद ग्रहण किया। शिप्रा पाठक ने बताया कि प्लास्टिक की पत्तलों में गर्म भोजन परोसने से हानिकारक रसायन निकलते हैं जो स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होते हैं। उन्होंने चेताया कि यही प्लास्टिक कचरे के रूप में नालियों और नदियों में पहुंचकर जल प्रदूषण का कारण बनता है। गौरतलब है कि लखनऊ में हर वर्ष हजारों श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का आयोजन किया जाता है। इनमें बड़ी मात्रा में प्लास्टिक के दोने और पत्तलों का उपयोग होता है, जो बाद में कचरे के रूप में शहर और जलस्रोतों को प्रदूषित करते हैं।



आयोजकों को पत्तल देतीं शिप्रा पाठक।




एक दूसरे को मिठाई खिलाते व्यापारी। अमृत विचार

## व्यापारियों ने भाजपा की जीत पर बांटे लड्डू

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय विकास नगर में भारतीय जनता पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम एवं पांडुचेरी में सरकार बनने पर व्यापारियों ने एक-दूसरे को लड्डू खिलाकर खुशी का इजहार किया।

प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा नेता अजय त्रिपाठी मुन्ना और राष्ट्रीय अध्यक्ष रितेश गुप्ता ने कहा कि पिछले 15 वर्षों से पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार के दौरान उद्योग एवं व्यापार गलत नीतियों और गुंडागर्दी के कारण बन्द होते चले गए या पलायन कर गए। बंगाल की जनता ने भारी मतदान करके ममता सरकार को हटाने का कार्य किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बंगाल के प्रभारी सुनील बंसल और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सरकार बनने की बधाई दी।

इस अवसर पर अजय त्रिपाठी मुन्ना, रितेश गुप्ता, अनुज साहू, विजय गुप्ता, जितेन्द्र गुप्ता, ताज खान, सुनील जयसवाल, मोहम्मद लाल, आशु गुप्ता, दुर्गेश गुप्ता, नीरज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## बाबा साहब के जीवन से रूबरू कराएगा लाइट एंड शो

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर स्थित डॉ. भीमराव अम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल में आगंतुक लाइट एंड साउंड शो के माध्यम से बाबा साहब के जीवन, संघर्ष और उनके आदर्शों से रूबरू हो सकेंगे। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने ट्रायल के बाद मंगलवार से लाइट एंड साउंड शो का शुभारंभ कर दिया।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि स्मारक समिति द्वारा लगभग 18.40 करोड़ से अम्बेडकर स्मारक में लाइट एंड साउंड शो का कार्य कराया गया था। यह आधुनिक तकनीक पर आधारित शो बाबा साहब के बचपन से लेकर संविधान निर्माण तक के सफर को रोचक दृश्यों, प्रकाश और ध्वनि के माध्यम से जीवंत करता है। स्मारक में आने वाले पर्यटक अब न केवल इसकी भव्यता का अनुभव करेंगे, बल्कि इस शो के माध्यम से इतिहास और प्रेरणा से भी रूबरू हो सकेंगे। 25 अप्रैल से लाइट एंड साउंड शो का ट्रायल रन कराया जा रहा है। जो अब प्रतिदिन शाम 7:30 बजे से आगंतुकों के लिए संचालित किया जाएगा।

## सिटी डायरी



उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद लोग।

### सैन्योर हास्पिटल में नई ओपीडी और डायग्नोस्टिक सेंटर शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ:** जानकीपुरम स्थित सैन्योर हॉस्पिटल परिसर में नई ओपीडी और डायग्नोस्टिक सेंटर का मंगलवार को शुभारंभ किया गया। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया गया। हॉस्पिटल प्रबंध निदेशक प्रतीक कुमार सिंह ने बताया कि ये आयोजन सेवा और आस्था के समन्वय का प्रतीक है। नई ओपीडी एवं डायग्नोस्टिक सेंटर के शुरू होने से मरीजों को बेहतर और सुव्यवस्थित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। अब ओपीडी एवं आईपीडी सेवाएं अलग-अलग विंग में संचालित होंगी। कहा कि अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र मरीजों को 05 लाख रुपये तक के कैशलेस इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। विधायक संजय शर्मा, चेयरमैन प्रवीण कुमार सिंह और मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. देवेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।



हनुमान जी की पूजा करतीं महापौर साथ में अन्य।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### नगर निगम मुख्यालय में कराया गया सुंदर कांड का पाठ

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम मुख्यालय में ज्येष्ठ के प्रथम मंगलवार को श्री महावीर जी मेला पौशाला समिति के तत्वावधान में सुंदरकांड पाठ और भंडारे का आयोजन किया गया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। उन्होंने कहा कि 'बड़े मंगल' का पर्व सेवा, समर्पण और आस्था का प्रतीक है, जो समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव को सुदृढ़ करता है। पार्षद दल उपनेता सुशील तिवारी ''पम्मी'', समिति के महामंत्री शशि कुमार मिश्रा, आनंद मिश्रा सहित नगर निगम के अधिकारी, समिति के पदाधिकारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति ने कराया भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ:** चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति ने मुसाहबगंज क्षेत्र में बड़े मंगल पर भंडारा कराया। समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा ने बताया कि मुसाहबगंज क्षेत्र में चौक के न्यू त्रिवेदी स्वीट कार्नर की ओर से सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का 11 बार का पाठ किया गया। भंडारे में दिनेश चन्द्र त्रिवेदी, प्रशांत त्रिवेदी, विवेक त्रिवेदी, विभुम त्रिवेदी, पंडित तुषार शर्मा, त्रिवेश सिंह, खुश राजपूत, अमन अवस्थी, अर्जुन अवस्थी, अमन कुमार वर्मा, सुमित साहू, प्रदीप कुमार वर्मा ने प्रसाद बांटा।



डॉ. दिनेश शर्मा के आवास पर भंडारे में प्रसाद बांटते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

### डॉ. दिनेश शर्मा ने कराया भंडारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल को राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा के आवास पर विशाल भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी, भाजपा नेता नीरज सिंह सम्मिलित हुए। भंडारे से पहले विधि विधान से हनुमान जी का पूजन अर्चन किया गया।

तैयारी

भाजपा महानगर की कार्यसमिति की बैठक में मौजूद रहे प्रदेश उपाध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री

## प्रशिक्षण वर्ग को परिणामोन्मुखी बनाने पर किया मंथन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** भाजपा प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को महानगर कार्यसमिति योजना बैठक हुई। इसमें प्रशिक्षण वर्ग को सुव्यवस्थित, प्रभावी और परिणामोन्मुखी बनाने के लिए संगठनात्मक, व्यवस्थागत और तकनीकी पहलुओं पर मंथन किया गया। ऑनलाइन पंजीकरण, सरल एप से सत्यापन, आवास-भोजन, तकनीकी संसाधन और प्रदर्शनी जैसी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया।




बैठक में मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और अन्य।

बैठक में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग संगठन की रीढ़ होते हैं। ये कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त बनाते हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने और कार्यक्रम को अनुशासित ढंग से संचालित करने का आह्वान किया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने नगर निगम सदन में पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में निंदा प्रस्ताव पढ़ा, जिसमें महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसे उपस्थित महिलाओं ने जोरदार तालियों से सराहा।

प्रदेश उपाध्यक्ष त्र्यंबक त्रिपाठी ने प्रशिक्षण महाअभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसे बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का माध्यम बताया। वहीं वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने समन्वय और समयबद्ध कार्यशैली पर जोर दिया। महानगर अध्यक्ष आनन्द द्विवेदी ने कहा कि यह अभियान संगठन को जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा देगा।

## सिटी ब्रीफ

### दिव्यांश ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किया


दिव्यांश देव

**अमृत विचार, लखनऊ:** सीएमएस गोमती नगर में दसवीं क्लास के छात्र दिव्यांश देव ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 92 प्राप्त अंक किया। दिव्यांश देव के पिता नीरज पांडे भारत सरकार की महारत्न कंपनी पावरग्रिड लखनऊ मे डीजीएम है जबकि माता गृहणी है।

### मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाए 95 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ:** पारा इलाके में साइबर जालसाज ने मोबाइल फोन हैक कर 95 हजार रुपये उड़ा लिए। पारा के गायत्री नगर निवासी रामराज ने बताया कि 3 अप्रैल की सुबह उनके मोबाइल फोन पर एक अंजान नंबर से फोन आया था। कॉल करने पर अकरम ने पीड़ित को बताया कि उनका पार्सल कैंसल हो गया है। पार्सल रिसीव करने के लिए जालसाज ने पीड़ित से तीन रुपये यूपीआई के जरिए ट्रांसफर कराए। इसी दौरान पीड़ित का मोबाइल फोन हैक हो गया। जिसके बाद उनके खाते से कई बार में 95 हजार रुपये ट्रांसफर हो गए। इंस्पेक्टर पारा सुरेश सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच की जा रही है।

### मकान का ताला तोड़कर चोरी

**अमृत विचार, आलमबाग:** मानकनगर इलाके में चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाया। ताला तोड़कर चोरों ने नकदी और घरेलू सामान चोरी कर लिया। एसओ अजीत सिंह ने बताया कि शांतिपुरम रेलवे कालोनी आलमबाग निवासी शरद कुमार सिंह 3 मई की देर रात सपरिवार अयोध्या धाम दर्शन के लिए गये थे। 4 मई की रात करीब 9 .00 बजे वापस लौटे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। भीतर गए तो सारा सामान अस्त व्यस्त पाया गया। पीड़ित का कहना है कि चोरों ने गैस सिलिंडर , लैपटाप, चार हजार रुपये, पानी का डिब्बा व दो मोबाइल चार्जर चोरी कर लिए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### पुश्तैनी मकान पर कब्जे की साजिश

**अमृत विचार, आलमबाग:** कृष्णानगर थाना क्षेत्र के मानस नगर निवासी सुदीप भट्ट ने भूमाफियाओं पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनके पुश्तैनी मकान पर कब्जा करने की साजिश रचने और परिवार को धमकाने का आरोप लगाया है। एसीपी कृष्णानगर रजनीश वर्मा के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित के अनुसार उनके पिता स्व . काशी प्रसाद भट्ट ने वर्ष 1988 में हुसैनाबाद गृह निर्माण समिति से 3500 वर्गफीट का भूखंड खरीदा था। वर्ष 1993 में उस पर मकान बनाकर परिवार तब से रह रहा है और नियमित रूप से हाउस टैक्स व बिजली बिल जमा कर रहा है। आरोप है कि मकान को प्लॉट दिखाकर बसंत कुमार अरोड़ा ने वर्ष 2021 में सरिता सिंह को दान कर दिया। इसके बाद 2023 में अभिषेक शर्मा और शबनम रावत के नाम रजिस्ट्री करा दी गई। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने दबंगई के बल पर कब्जे का प्रयास किया। पीड़ित व उनके भाइयों ने सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में स्थायी निषेधाज्ञा का वाद दायर किया है, जो विचाराधीन है। आरोप है कि दबाव बनाने के लिए विपक्षी पक्ष फर्जी मुकदमों और कागजातों का सहारा ले रहा है।

# विराट कोहली पर होंगी दर्शकों की निगाहें

## आरसीबी की लाल जर्सी के रंग से सराबोर होगा इकाना स्टेडियम, सात को एलएसजी से होगा मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में सात मई को होने वाला मुकाबला कागजों पर लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच है, लेकिन जमीनी हकीकत में पूरा लखनऊ किंग कोहली के स्वागत को बेताब नजर आ रहा है। मैच से दो दिन पहले ही स्टेडियम के सभी टिकट बिक चुके हैं और मुकाबला हाउसफुल रहेगा। शहर में एलएसजी के नीले रंग से ज्यादा विराट की लाल जर्सी का उत्साह दिखाई दे रहा है।



इकाना में अभ्यास करते आरसीबी के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली। ● अमृत विचार

मंगलवार को इकाना स्टेडियम के बाहर विराट कोहली की एक झलक पाने के लिए हजारों प्रशंसक उमड़ पड़े। जैसे ही आरसीबी टीम के अभ्यास की खबर मिली, स्टेडियम के बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। शाम करीब 5:15 बजे खिलाड़ियों की बस गेट नंबर-3 पर पहुंचते ही पूरा माहौल "कोहली-कोहली" के नारों से गूंज उठा। खिलाड़ियों ने भी हाथ हिलाकर अभिवादन किया, जबकि फैंस मोबाइल कैमरों में इस पल को कैद करते नजर आए।

**अभ्यास में विराट ने खोले हाथ, कोच संग बनाई रणनीति:** मंगलवार शाम तीन घंटे चले अभ्यास सत्र में विराट कोहली ने जमकर पसीना बहाया। नेट्स पर उन्होंने तेज गेंदबाजों और स्पिनरों का सामना करते हुए आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। इसके बाद उन्होंने हेड कोच एंडी फ्लावर के साथ पिच को लेकर चर्चा की। मौजूदा सीजन में कोहली 9 मैचों में 379 रन बना चुके हैं। पिछली भिड़ंत में भी उन्होंने 34 गेंदों पर 49 रन बनाकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी।

**बल्लेबाजों का फ्लॉप शो, बिखरा स्पिन विभाग:** एलएसजी की बल्लेबाजी इस सीजन में उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी है। मिचेल मार्श (256), एडन मार्करम (224) और ऋषभ पंत (204) ही 200 रन का आंकड़ा पार कर सके हैं। वहीं निकोलस पूरन और आयुष बदोनी का प्रदर्शन फीका रहा है। गेंदबाजी में प्रिंस यादव (13 विकेट) और मोहसिन खान (10 विकेट) ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन स्पिन विभाग कमजोर नजर आया है, जिससे टीम को लगातार नुकसान उठाना पड़ा है।

# जैव प्रौद्योगिकी विभाग ने आयोजित किया व्याख्यान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● **विशेषज्ञों ने स्वास्थ्य बेहतर रखने पर दिया जोर**



**अमृत विचार :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में जैव प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 'अंतर्राष्ट्रीय इम्यूनोलॉजी दिवस' के अवसर पर व्याख्यान सत्र एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान के चीफ साइंटिस्ट डॉ. मुकेश पसुपुलेटी तथा विशिष्ट अतिथि संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ के डॉ. रवि शंकर सिंह उपस्थित रहे। विभागाध्यक्ष प्रो. डी.आर. मोदी एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. जी. सुनील बाबू भी मौजूद रहे। डॉ. सुनील बाबू ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

डॉ. मुकेश पसुपुलेटी ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि मानव शरीर अमूल्य धरोहर है, जिसकी देखभाल आवश्यक है। डॉ. रवि शंकर सिंह ने अनियमित खान-पान और जीवनशैली को बीमारियों का प्रमुख कारण बताते हुए संतुलित आहार, समयबद्ध भोजन और नियमित शारीरिक गतिविधि अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार पाचन तंत्र को मजबूत कर जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है।

इस अवसर पर विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग, रंगोली, क्विज और मॉडल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें जूनियर व सीनियर वर्ग के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को समापन सत्र में प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# समायरा कोहली अंतिम 16 में पहुंचीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● **आईटीएफ जूनियर जे-30 लखनऊ टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले**

**अमृत विचार :** आईटीएफ जूनियर जे-30 लखनऊ टेनिस टूर्नामेंट में गैर वरीय भारतीय खिलाड़ी समायरा कोहली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बड़ा उलटफेर किया। उन्होंने बालिका एकल के मुकाबले में दूसरी वरीय मारिया पटेल को एकतरफा अंदाज में 6-1, 6-1 से हराकर अंतिम 16 में जगह बना ली।

केसरी स्पोर्ट्स और यूपीटीएम की देखरेख में गोमती नगर स्थित विजयंत खंड मिनी स्टेडियम के टेनिस एरिना में खेले जा रहे इस टूर्नामेंट के दूसरे दिन कई मुकाबले कड़े संघर्ष और उतार-चढ़ाव से भरपूर रहे। समायरा ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया। उनकी मजबूत सर्विस और सटीक शॉट्स के सामने मारिया टिक नहीं सकीं और सीधे सेटों में हार गईं।



बॉल रिटर्न करती समायरा कोहली। ● अमृत विचार

वहीं बालक एकल वर्ग में उत्तर प्रदेश के ऋषि यादव पहले दौर में हारकर बाहर हो गए। उन्हें ऋषव सरोहा ने 6-1, 6-2 से हराया।

अन्य मुकाबलों में खिलाड़ियों को जीत के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अथर्व श्रीरामोजू ने क्वालीफायर हर्ष मारवाहा को 7-6(6), 4-6, 6-2 से हराया। सातवीं वरीय शौनक चटर्जी ने रोमांचक मुकाबले में माधव दाधीच को 6-3, 3-6, 6-4 से मात दी।

क्वालीफायर पार्थिव नल्लागुंडला ने दक्ष कुकरेती के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद 0-6, 6-2, 6-3 से शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। वहीं श्रेयंत महंतेशा ने अमृत धनखड़ को 6-3, 4-6, 6-4 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में आगे भी कड़े और रोमांचक मुकाबलों की उम्मीद है।

# शकुन्तला विवि में पीएचडी की 278 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वर्ष विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए विशेष पहल करते हुए अलग से सीटों की व्यवस्था की है। कुल 278 सीटों पर प्रवेश किया जाएगा, जिनमें 144 राष्ट्रीय (फुल-टाइम व पार्ट-टाइम) और 134 अंतरराष्ट्रीय (सुपरन्यूमेरी) सीटें शामिल हैं।

विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. यशवंत वीरोदय के अनुसार पीएचडी प्रवेश विवरणिका को 40वीं विद्या परिषद की बैठक में मंजूरी मिल चुकी है और इसमें सीटों, शुल्क व अन्य आवश्यक जानकारियां उपलब्ध हैं। प्रवेश प्रक्रिया 8 मई से शुरू होने की संभावना है। इस बार विश्वविद्यालय अलग से प्रवेश परीक्षा आयोजित नहीं करेगा। प्रवेश पूरी तरह यूजीसी नेट की मेरिट और साक्षात्कार के आधार पर होगा। इसमें 70 प्रतिशत वेटेज यूजीसी नेट और 30 प्रतिशत वेटेज इंटरव्यू, वाइवा को दिया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए पहले स्टडी इन इंडिया पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है, जिसके बाद उन्हें साक्षात्कार के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

● **विदेशी छात्रों के लिए की गई विशेष व्यवस्था**

> शोध को वैश्विक स्तर पर मजबूत बनाने के उद्देश्य से पीएचडी सीटों में वृद्धि की गई है। इससे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों स्तर के विद्यार्थियों को बेहतर अवसर मिलेंगे और शोध की गुणवत्ता में सुधार होगा।
>
> -आचार्य संजय सिंह, कुलपति

**इन विषयों में होगा प्रवेश :** प्रवेश निदेशक प्रो. अनामिका चौधरी के अनुसार विभिन्न विभागों में सीटों का निर्धारण किया गया है। प्रमुख रूप से अंग्रेज़ी, वाणिज्य, प्रबंधन, भौतिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, गणित, समाज विज्ञान, राजनीति विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र और विधि जैसे विषयों में सीटें उपलब्ध हैं। साथ ही विशेष शिक्षा से जुड़े विभागों- दृष्टिबाधित, श्रवण बाधित और बौद्धिक दिव्यांगता में भी पर्याप्त सीटें निर्धारित की गई हैं।

# नवभारत लोकमंथन में हुआ वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में 'लोकतंत्र, राजनीति और पारदर्शिता' विषय पर आयोजित आयोजित नवभारत लोकमंथन 2.0 संसदीय वाद - विवाद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल के संरक्षण तथा विधि विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. सुदर्शन वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य तौर पर विधि अध्ययन विद्यापीठ के संकायाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार चड्ढा उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के 60 से भी अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

विभागाध्यक्ष प्रो. सुदर्शन वर्मा ने प्रतिभागियों को वाद-विवाद प्रतियोगिता जैसे बौद्धिक एवं अभिव्यक्ति-प्रधान मंचों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। संकायाध्यक्ष प्रो. संजीव कुमार चड्ढा ने कहा कि युवा ही हमारे देश का भविष्य हैं, जो आगे चलकर महान नेता, शिक्षक एवं विभिन्न क्षेत्रों के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे।

प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रतिभागियों ने अपने विचार, शोध एवं तर्क प्रस्तुत किए जिनका मूल्यांकन विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

### सीएमएस के खिलाड़ियों ने जीती ट्रॉफी

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमती नगर विस्तार स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित 'ग्लाइड टू ग्लोरी' दो दिवसीय इंटर-स्कूल स्केटिंग प्रतियोगिता में सिटी मॉन्टेसरी स्कूल (सीएमएस) के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेता टीम को स्कूल की प्रधानाचार्या रूपम सलूजा ने पदक देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल के आयुष्मान सिंह को बालक वर्ग में सर्वश्रेष्ठ स्केटर चुना गया, जबकि आमलिया ने बालिका वर्ग में यह खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी डीएस राठौर और अध्यक्ष संदीप भटनागर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लखनऊ मंडल के कोऑर्डिनेटर नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन नॉर्थवेस्ट स्पोर्ट्स अकादमी के सहयोग से किया गया। इस मौके पर राष्ट्रपति पदक से सम्मानित सिविल डिफेंस लखनऊ के सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता में समृद्धि, शताक्षी, अशिमत, रिद्धिमा, शिवांग, कबीर और आयुष्मान सहित कई खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

### लविवि: भौतिकी विभाग में कंप्यूटर प्रयोगशाला का हुआ उद्घाटन

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में नव स्थापित कंप्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन मंगलवार को कुलपति प्रो. जे. पी. सैनी द्वारा किया गया। भौतिकी विभाग को सभी तीस कंप्यूटर पीएम-उषा योजना के अंतर्गत लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए। यह अत्याधुनिक प्रयोगशाला विभाग में संगणनात्मक शिक्षण, शोध एवं डिजिटल अधिगम को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है। यह पहल आधुनिक तकनीकी सुविधाओं को शैक्षणिक उत्कृष्टता से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रयोगशाला की स्थापना विभागाध्यक्ष प्रो. ओंकार प्रसाद के समर्पित प्रयासों से संभव हो सकी। उनकी दूरदर्शिता और नेतृत्व ने इस कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस प्रयास में प्रो. आर. बी. सिंह तथा प्रो. नीरज मिश्रा का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ।

## सिटी डायरी

### बेकरी और कैफे में लगी भीषण आग


कैफे में लगी आग।

**अमृत विचार, लखनऊ:** मडियांव इलाके आईआईएम रोड पर स्थित एक बेकरी एवं कैफे में सोमवार देर रात आग लग गई। राहगीरों ने कैफे से आग की लपटें व धुआं निकलता देख पुलिस व अग्निशमन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने आग पर एक घंटे में काबू पा लिया। हादसे में अंदर रखा पूरा सामान जलकर राख हो गया। कोई जनहानि नहीं हुई। एफएसओ बीकेटी ने बताया कि आग आईआईएम रोड पर स्थित ग्लोब बेकर्स एंड कैफे नामक दुकान में लगी थी। जिसका संचालन अमान अनीस करते हैं। रात करीब दो बजे आग लगने की सूचना मिली थी। बीकेटी फायर स्टेशन से अग्निशमन विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंच गई थी। चौक फायर स्टेशन से भी एक गाड़ी को मौके पर मंगा ली गई। दमकल कर्मियों आधे घंटे में आग बुझा दी। एफएसओ ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



कार्यक्रम में उपस्थित बैंक के प्रबंध निदेशक बिनोद कुमार व अन्य।

### एग्री ग्रोथ कॉन्क्लेव आयोजित

**अमृत विचार , लखनऊ:** इंडियन बैंक की ओर से एग्री ग्रोथ कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में कृषि ऋण को सशक्त बनाना और कृषि क्षेत्र की संभावनाओं को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक व सीईओ बिनोद कुमार ने 'लखपति दीदी टर्म लोन' और 'केसीसी डेयरी टर्म लोन' की शुरुआत की। उन्होंने कृषि विकास में बैंक की भूमिका पर जोर दिया। कार्यपालक निदेशक शिव बजरंग सिंह ने कृषि वित्तपोषण की रणनीतियों पर प्रकाश डाला। नाबार्ड के पंकज कुमार ने संस्थागत सहयोग की आवश्यकता बताई। मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता और चंद्रशेखर नवी ने कृषि व बैंकिंग से जुड़े पहलुओं पर जानकारी दी। कार्यक्रम में कई अधिकारियों की भागीदारी रही।


टेलेंट हंट में प्रस्तुति देते छात्र ।

### सीएमएस गॉट टैलेन्ट का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस के तत्वावधान में दो दिवसीय संगीत महोत्सव 'सीएमएस गॉट टैलेन्ट' का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि अली अहमद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ. अंकुर यादव मौजूद रहे। इस अवसर पर संगीत विशेषज्ञ एलेन मसीह, शिवम मिश्रा, फराह नाज और कमाल खान ने निर्णायक की भूमिका निभाते हुए छात्रों का उत्साहवर्धन किया। सीएमएस प्रबंधक प्रो . गीता गांधी किंगडन ने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने पर जोर दिया। प्रधानाचार्या दीपाली गौतम ने कहा कि छात्रों में कला व संस्कृति के प्रति बढ़ती रुचि उनके उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।


शिक्षामित्र को चेक देते उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक।

### बढ़े मानदेय पर खुशी

**अमृत विचार , लखनऊ:** इंजीनियर्स भवन रिवर बैंक कॉलोनी में मंगलवार को शिक्षामित्र सम्मान समारोह आयोजित हुआ, जिसमें उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने 18,000 रुपये बढ़े मानदेय का प्रतीकात्मक चेक देकर शिक्षामित्रों को सम्मानित किया। रयोगेश शुक्ला, अमरेश कुमार, जय देवी, मुकेश शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। बीएसए विपिन कुमार व डीसी ट्रेनिंग अवधेश शुक्ला के निर्देशन में आयोजन हुआ। प्रदेश महामंत्री सुशील कुमार यादव ने मानदेय वृद्धि पर खुशी जताई।

**बीबीएयू में आयोजन** | **आकर्षक प्रस्तुतियों ने मोहा सभी का मन**

# नॉर्थ ईस्ट कल्चरल फेस्ट में झलकी संस्कृति की विविधता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में प्रथम "नॉर्थ ईस्ट कल्चरल फेस्ट 2026" का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर-पूर्व भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोक नृत्य, गीतों और परंपराओं की आकर्षक प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बोनिक चंद्र ब्रह्मा उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर-पूर्व भारत तेजी से विकास की ओर अग्रसर है और वहां के युवाओं की भागीदारी वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समरसता को मजबूत करने वाला बताते हुए विद्यार्थियों को उत्तर-पूर्व के राज्यों का भ्रमण कर वहां की संस्कृति को निकट से समझने के लिए प्रेरित किया।


सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी। अमृत विचार

मुख्य अतिथि डॉ. ब्रह्मा ने "सेवन सिस्टर्स" के नाम से प्रसिद्ध उत्तर-पूर्व भारत की सांस्कृतिक विविधता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वहां की परंपराएं, खान-पान, वेशभूषा और प्रकृति के प्रति लगाव उसे विशिष्ट पहचान देते हैं। उन्होंने क्षेत्र की "शेयरिंग कल्चर", वन्यजीव संरक्षण और सामाजिक समानता की विशेषताओं का भी उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान उत्तर-पूर्व भारत पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने पारंपरिक लोक नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी समृद्ध विरासत की मनमोहक झलक पेश की, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी, शोधार्थी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।